अमर उजाला 08/03/2025

रसायन विज्ञान क्विज में कोमल तृतीय

अंबाला। आर्य आदर्श गर्ल्स पीजी कॉलेज मडलौडा, पानीपत में राज्य स्तरीय ऑनलाइन रसायन विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें छावनी के जीएमएन कॉलेज की बीएससी फिजिकल साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कोमल को बधाई देते हुए कहा, यह सभी के लिए गर्व का विषय है कि उनकी छात्रा ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रसायन विज्ञान विभाग की सहायक प्रो. डॉ नेहा अग्रवाल ने भी कोमल की हौसला अफजाई की। संवाद